RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )



पेज नं 4 ... 10 वर्षो के मोदी सरकार के विकास ने हर

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

नीमच, बुधवार
13 मार्च 2024
वर्ष 01, अंक 53, – मूल्य 02 रूपए
Periodicity- Weekly

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

Commodity: Gold 66,510 Silver 73,347 Crude Oil 6,514 Natural Gas 159.30 Aluminium 201.60 Copper 727.30

## खास खबर

### उज्जैन से चित्तौडग़ढ़ पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ

**नीमच।** उज्जैन पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन से चित्तौडग़ढ़ पैसेंजर ट्रेन प्रारंभ कर दी गई है। नई ट्रेन से यह सफर 5 घंटे 15 मिनट में पूरा होगा।
ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ट्रेन वाया फतेहाबाद, रतलाम होकर चलेगी। उज्जैन रेलवे स्टेशन से मंगलवार को ट्रेन उद्घाटन सेवा के रूप में चली। 13 मार्च से यह ट्रेन नियमित सेवा के रुप में चलेगी।

**नियमित ट्रेन का टाइम टेबल**

09331 उज्जैन चित्तौडगढ़ पैसेंजर–
उज्जैन से प्रस्थान सुबह 10.05
फतेहाबाद चंद्रावतीगंज 10.28
रतलाम 12.35
जावरा 13.08
मंदसौर 14.07
नीमच 15.00
निम्बाहेड़ा 15.32
चित्तौडग़ढ़ 16.20

09332 चित्तौडगढ़ रतलाम पैसेंजर–
चित्तौडग़ढ़ से प्रस्थान 16.40
निम्बाहेड़ा 17.04
नीमच 17.34
मंदसौर 18.30
जावरा 19.20
रतलाम 20.10
फतेहाबाद चंद्रावतीगंज 21.36
उज्जैन आगमन 22.40

### मध्य प्रदेश में एक मई से 15 जून तक स्कूली विद्यार्थियों के लिए रहेगी गर्मी की छुट्टियां

**भोपाल।** मध्य प्रदेश स्कूली शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए एक मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।
वहीं शिक्षकों के लिए 1 माई से 31 मई तक अवकाश रहेगा।इसके साथ ही स्कूली शिक्षा विभाग ने इस वर्ष दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश की घोषणा भी कर दी है। जिसमें 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक दशहरे का अवकाश रहेगा। 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक दीपावली का अवकाश रहेगा। वहीं 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ के एक दिन के प्रवास पर आज रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर अभिवादन किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री साय से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विकास के साथ ही दोनों प्रदेशों से जुड़े लोक कल्याण के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ से मेरा पुराना संबंध है- डॉ.यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायपुर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर आज आने का सौभाग्य मिला है। करीब साढ़े तीन दशक से इस अंचल से सम्पर्क है। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी होने के नाते अक्सर रायपुर आना होता था। यहां आकर ऐसा महसूस हुआ कि अपने घर में ही हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों में विकास के प्रयासों को सफलता मिलेगी। सभी क्षेत्रों में जनकल्याण के कार्य होंगे।

# विकास की गति धीमी नहीं होने देंगे- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी



**विकसित भारत के लिए हो रहे नवनिर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने परम्पराओं को बदलकर रेल विकास को अभूतपूर्व गति दी है - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को मिली रेल सौगातों के लिए माना आभार**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 85 हजार करोड़ से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

**प्रदेश को मिली खजुराहो से नई दिल्ली वंदेभारत, निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड, वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव के लिए कोचिंग कॉम्पलेक्स की सौगात**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल रेलवे स्टेशन से वर्चुअली जुड़े**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नवनिर्माणों का लगातार विस्तार हो रहा है। देश के कोने-कोने में परियोजनाओं का लोकार्पण और नई योजनाओं की शुरुआत हो रही है। वर्ष 2024 के पहले 75 दिनों में ही 11 लाख करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है। विकास की इस गति को हम धीमा नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लिए आधुनिक रेलवे कार्यक्रम के अंतर्गत 85000 करोड़ रुपए से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं के शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम को अहमदाबाद से संबोधित कर रहे थे।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यक्रम से सहभागिता की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री श्री विश्वास सारंग, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और महापौर श्रीमती मालती राय भी उपस्थित थीं। अहमदाबाद के कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित थे।

**आत्म निर्भर भारत का नया माध्यम बन रही है रेलवे - प्रधानमंत्री श्री मोदी**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे विरासत भी और विकास भी के मंत्र को साकार करते हुए क्षेत्रीय संस्कृति और आस्था से जुड़े पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। भारतीय रेलवे आत्म- निर्भर भारत का एक नया माध्यम बन रही है। यह वोकल फार लोकल का भी सशक्त माध्यम है। देश के रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के 1500 से अधिक स्टाल खुल चुके हैं। हमारी सरकार भारतीय रेल को आधुनिक बनाने और देश के कोने-कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ने में जुटी है। देश रेलवे के शत-प्रतिशत इलेक्ट्रीफिकेशन की ओर बढ़ रहा है। रेलवे के कायाकल्प के लिए हो रहे कार्य नए निवेश और निवेश से नए रोजगार के निर्माण की गारंटी भी दे रहे हैं।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के रेलवे बजट को 15000 करोड़ तक पहुंचाया- मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारतीय रेल आधुनिक समय में देश का भाग्य बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद रेलवे की कई पुरानी परंपराओं को बदलकर रेलवे के विकास को गति दी है। केंद्रीय बजट और रेलवे बजट को एक कर भारत सरकार के संसाधनों के रेलवे के विकास में उपयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी पहल से देशवासियों ने स्वच्छ रेलवे स्टेशन और विश्वस्तरीय रेलवे सुविधाओं का अनुभव किया है। मध्यप्रदेश को मिलने वाला रेलवे बजट 2014 से पहले तक लगभग 275 करोड़ हुआ करता था, जो अब 15000 करोड़ रूपये हो गया है। यह डबल इंजन की सरकार का प्रभाव है।

**रानी कमलापति देश के सर्वश्रेष्ठ स्टेशन के रूप में विकसित हुआ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो से नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन तथा रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत निशातपुरा- संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। इस परियोजना से तथा खजुराहो- नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन से विकास की नई संभावनाएं साकार होंगी। करीब 65 करोड़ रूपये की लागत से निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड के कार्य से पश्चिमी मध्यप्रदेश में रेल आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश को रेलवे की कई सौगातें दी हैं। रानी कमलापति के रूप में देश का सर्वश्रेष्ठ स्टेशन विकसित हुआ है, यह निजी सहभागिता से रेलवे अधोसंरचना विकास का सफल उदाहरण भी बना है।

**202 इलेक्ट्रानिक इंटर-लाकिंग, 57 एक स्टेशन एक उत्पाद के आउट लेट, 13 लाइनों के दोहरीकरण, तीन रेल खण्डों के विधुतीकरण से लाभान्वित हुआ प्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा आज प्रदेश में लगभग 202 इलेक्ट्रानिक इंटर लाकिंग, 57 एक स्टेशन एक उत्पाद के आउट लेट का लोकार्पण, लगभग 66 सोलर प्लांट, 13 लाइन रेल लाईन के दोहरीकरण के साथ ही चार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी राष्ट्र को समर्पित किए गये हैं। एक रेलवे कोच रेस्टोरेंट, एक लोको शेड, तीन रेल खण्डों के विद्युतीकरण, भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से नए कोचिंग काम्पलेक्स का शिलान्यास भी किया गया है। इन सभी सौगातों के लिए हम केंद्र सरकार के आभारी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा कुछ समय पूर्व ही प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई थी। यह सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूर्ण होंगे।

**देश के मध्य में होने से रेलवे अधोसंरचना विकास में मध्यप्रदेश की है महत्वपूर्ण भूमिका**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश, देश के मध्य में स्थित है। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका वाली सभी रेलवे परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। मध्यप्रदेश, देश की प्रगति के लिए रेलवे अधोसंरचनाएं विकसित करने के लिए तत्पर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी आजादी के अमृत काल में भारत को विश्व का सबसे सशक्त और समर्थ देश बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
हमारा सपना है कि श्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में स्थापित हो। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर सक्रिय और समर्पित रहेगी।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी- उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनेगा। इसके लिए तय मानकों के अनुरूप अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों और समन्वय से प्रदेश सभी केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल, संत हिरदाराम नगर, रानी कमलापति रेलवे स्टशनों के विकास तथा विस्तारीकरण के लिए रेलवे का आभार माना। कार्यक्रम में रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना वनोपाध्या और मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# नेताप्रतिपक्ष के आरोप बेबुनियाद, हवा हवाई बातें करते है योगेश प्रजापति- मोटवानी



**मोटवानी ने पत्रकारवार्ता में दमदारी से रखी अपनी बात, कहा शंकर सिंधी को मिली जमीन नगरपालिका की है ही नही जिस जमीन का केस नगरपालिका हाईकोर्ट में हारी है वह जमीन नगरपालिका की थी ही नहीं**

**नीमच।** नगरपालिका नीमच के नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने मीडिया के समक्ष सिंधी कॉलोनी की 120 करोड़ से अधिक की भूमि का नगरपालिका द्वारा हाई कोर्ट में केस हारने के मामले को रखा और नपा अध्यक्ष सहित भाजपा के पार्षद सभापति मनोहर मोटवानी पर केस हारने को लेकर वकील बदलने के आरोप लगाए। उक्त आरोपो के बाद भाजपा पार्षद दल के लोक निर्माण सभापति मनोहर मोटवानी स्वास्थ्य सभापति धर्मेश पुरोहित, पार्षद योगेश कवीश्वर,पार्षद आलोक सोनी, पार्षद शशि कल्याणी एवं पार्षद अरुण प्रजापति ने उक्त मामले का खुलासा मीडिया के समक्ष तथ्यात्मक रूप से किया है।
लोक निर्माण सभापति मनोहर मोटवानी ने मीडिया के समक्ष सागर मंथन को जानकारी देते हुए बताया कि जिस जमीन का मुद्दा नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस पार्षद योगेश प्रजापति उठा रहे हैं वह जमीन नगर पालिका की नहीं होकर पुनर्वास विभाग की थी विभाजन के समय उक्त भूमि पुनर्वास विभाग द्वारा बाहर से आए सिंधी समाज के लोगों को आवंटित की गई थी वर्ष 2007 में यह भूमि मंदसौर निवासी शंकर लाल पिता प्रेमचंद को आवंटित की गई तब में स्वयं सिंधी समाज के विभिन्न पदों पर था और इस बात की रीट नगरपालिका के माध्यम से लगाई गई थी कि मंदसौर निवासी व्यक्ति को यह जमीन कैसे दी जा सकती है परंतु न्यायालय ने उक्त रीट को खारिज कर दिया।इसके बाद शासन ने शंकर लाल को जमीन का वैध मालिक ठहराया और सिंधी समाज के लोगों ने ही उक्त जमीन वैध मालिक शंकर लाल से खरीदी है उसमें मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं है और पुनर्वास विभाग ने ही करीब 110 पट्टे सिंधी समाज को आवंटित किए हैं।
जिसमें रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रकिया चल रही हैं।

**जमीन ही पुनर्वास विभाग की, नपा का कोई लेना देना नही**

पांच माह पूर्व नगर पालिका इस केस को हाई कोर्ट में हार गई और पुन: अपील इसलिए नहीं की गई के यह जमीन नगर पालिका की न होकर पुनर्वास विभाग की है इसके बाद नेता प्रतिपक्ष यह आरोप भी लगा रहे हैं कि नगर पालिका और पार्षदों ने साठगांठ कर वकील बदल दिया, जबकि इस केस में शामिल पहले वाले वकील ने बोर्ड पर ही पैरवी करने से मना कर दिया, जिसको लेकर नगर पालिका द्वारा दूसरा वकील रखा गया जो पूर्व से ही नगर पालिका के कई केस लड़ता आया है और चमड़ा कारखाने की जमीन का जो मुद्दा प्रजापति उठा रहे हैं वह जमीन नगरपालिका की ही थी इसलिए वह कैसे नगर पालिका जीती है इस मामले में ओपिनियन हारे हुए वकील के अलावा अन्य वकीलों से भी लिया गया था।

**बड़े नेताओं के आने के पूर्व सुनियोजित रूप से माहौल बनाने षड़यंत्र**

कांग्रेस नेता योगेश प्रजापति द्वारा मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है और मुझे डैमेज व व्यक्तिगत रूप से हानि और मेरी छवि को धूमिल करने के लिए लगाए जा रहे हैं योगेश प्रजापति द्वारा हर बार किसी मंत्री के आगमन के पूर्व ही इस प्रकार की हरकत की जाती रही है उनके द्वारा 94 शिकायत की गई है जो बिना तथ्य की है यदि हम गलत होते तो तथ्य के साथ शिकायत की जानी चाहिए और हमारे ऊपर कार्यवाही भी होनी चाहिए हमें ईश्वर ने एक मौका दिया है जनता की सेवा का जिसे हम ईमानदारी से निभा रहे हैं और शहर हित व विकास में कार्य किया जा रहे हैं।
योगेश प्रजापति द्वारा हमेशा से ही जमीनों के मामले में ही झूठी शिकायत की जा रही है जिस वार्ड के वह पार्षद है उस वार्ड में कभी भी विकास को लेकर कोई मुद्दा इनके द्वारा नहीं उठाया गया है। यदि वे विकास चाहते हैं तो उन्हें आरोप प्रत्यारोप लगाने की बजाय विकास के मुद्दे परिषद में लाने चाहिए और उन पर सभी पार्षदों की सहमति के साथ शहर विकास करना चाहिए।

# मंत्री श्री विजयवर्गीय ने स्वच्छता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया




**नीमच।** अपने एक दिवसीय दौरे पर नीमच आए मंत्री श्री विजयवर्गीय ने स्वच्छता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।
साथ ही 7 स्वच्छता रथ की चाबी प्रदान की।
12 मार्च 2024 नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीयने मंगलवार को जिला पंचायत नीमच में आयोजित सादे समारोह में 7 ग्राम पंचायतो को प्रदान किये जा रहे स्वच्छता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया और चाबी प्रदान कर स्वच्छता रथ वितरित किए। इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार श्री अनिरुद्ध मारू जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान श्री पवन पाटीदार व अन्य जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित हुई भव्य भजन संध्या




**कुकड़ेश्वर ( हर्षित माहेश्वरी )।** नगर में श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व का पारंपरिक दस दिवसीय मेला प्रारंभ होकर नित्य भव्यता की और बड़ रहा है।
मेले में 12 मार्च 2024 को सांय 8:00 बजे से राज इवेंट्स इंदौर भव्य भजन संध्या, भेरू मस्ताना ,सारिका सिंह, जयपुर के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव के दर्शन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने किया। उक्त मेला भव्यता ले इसको देख मेले में मनोरंजन व धार्मिक आयोजन रखे गये है नप अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला पटवा ने शुभारंभ अवसर पर अपने । वहीं कार्यक्रम में अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन दिये। अतिथियों का स्वागत मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती शांति विजेश माली व पार्षदों और कर्मचारियों ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात न.पा. अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा,उपाध्यक्ष ,श्रीमती सोनाली उज्जवल पटवा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमल सिंह परमार एवं सभी पार्षदगण देते हुए शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया भजनों के साथ राधा कृष्ण,शिव शंकर, अघोरी नृत्य हनुमान व श्रीराम की सचित झांकी व भजनों पर श्रोता झुमे मेले में अत्यधिक भीड़ उमड़ी वहीं थाना प्रभारी जयदीप राठौर अपनी टीम के साथ मेले का भ्रमण करते रहें। कार्यक्रम का संचालन लोकेश मोदी ने किया आभार विजेश माली ने माना। मेला समिति ने मेले अधिकाधिक संख्या में पंहुच कर मेले व भोलेनाथ के दर्शनों की अपील की।

# कुकडेश्वर पुलिस को मिली सफलता चोरी गई मुर्ती को घटना के 2 दिन मे थाना कुकडेश्वर पुलिस ने किया बरामद



**कुकडेश्वर।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, एसडीओपी मनासा श्री विमलेश ऊइके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुकडेश्वर उप निरीक्षक जयदीप राठौर पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमद जगंल से चोरी गई मुर्ती को किया गया बरामद।
घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 10.03.2024 को फरियादी नैना उर्फ लक्ष्मण पिता दुर्गा बजारा निवासी आमद द्वारा रिपोर्ट किया कि दिनांक 09.03.2024 व 10.03.2024 कि दर्थ्यानी रात मे भदाना टामोटी रोड आमद तिराहा जगंल से अज्ञात व्यक्ति हनुमांनजी कि चार फिट उंची मुर्ती चोरी होने के रिपोर्ट कि गई थी जिसपर थाना कुकडेश्वर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दोरान थाना कुकडेश्वर थाना मनासा एवं वन विभाग कि टीम द्वारा सयुक्त रुप से मुर्ती कि तलाश कि जाने पर मनासा कंजार्डा रोड के पास स्थित एक देव स्थान से उक्त चोरी गई हनुमानजी कि मुर्ती को बरामद करने मे सफलता प्राप्त हुई है प्रकरण में मूर्ति चोरी करने वाले गिरोह की तलाश जारी हे ।सराहनीय कार्य - उप निरीक्षक जयदिप राठौर, सउनि. दिलीप कुमार कलमोदिया, प्रआर मनोज भाटी, प्रआर मनोज टांक, आर संजय कुमार, आर भूरसिंह, आर दिपक परमार, आर आर अनिल सिंह भाटी, आर. जितेन्द्र गुर्जर, आर 569 अंकित जोशी, आर. जीवन राम, आर सूनिल भूरिया, आर चालक राजेश तानान एवं थाना प्रभारी मनासा शिवकुमार यादव मय फोर्स एवं वन विभाग कि टीम की सराहनीय भूमिका रही।



# MS Dhoni को आदर्श मानकर की विकेटकीपिंग, अचानक बना गेंदबाज और बैटर्स की नाक में किया दम; बहुत रोचक है इस खिलाड़ी की कहानी



**रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मैच में कुछ ऐसा ही देखने को मिला जहां धोनी को अपना गुरू मानने वाला स्टार गेंदबाज घातक गेंदबाजी कर खूब छा गया है। ये गेंदबाज विदर्भ टीम का है जिनका नाम यश ठाकुर हैं। यश ने मुंबई के बैटर्स को जमकर परेशान किया और शानदार प्रदर्शन से महफिल लूट ली हैं। अभी तक उन्होंने 4 विकेट ले लिए हैं।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनके संघर्षों से लेकर मंजिल हासिल करने तक की कहानी पूरी दुनिया जानती है, जिन्होंने छोटे मैदान से अपने करियर की शुरुआत की और मन में फुटबॉलर बनने की चाहत लिए कैसे माही क्रिकेटर बन गए इसने हर शख्स का दिल जीत लिया। धोनी की तरह बनने का सपना आज भी गली-मोहल्ले से लेकर कई क्रिकेटर्स देखते हैं।

कुछ उन्हें अपना गुरू मानते हैं तो कुछ उनके टिप्स को पूरा करते हुए महफिल लूटते हुए नजर आते है। हाल ही में रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मैच में कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जहां धोनी को अपना गुरू मानने वाला स्टार गेंदबाज घातक गेंदबाजी कर खूब छा गया है। ये गेंदबाज विदर्भ टीम का है, जिनका नाम यश ठाकुर हैं।

**Ranji Trophy: Yash Thakur ने घातक गेंदबाजी कर मुंबई टीम की बजाई बैंड**

रणजी ट्रॉफी (Ranji Trophy 2024) के फाइनल में विदर्भ का सामना मुंबई से हो रहा है। विदर्भ टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए 41 बार की चैंपियन टीम मुंबई पहली बारी में 224 रन पर ऑलआउट हो गई। विदर्भ टीम की तरफ से रणजी ट्रॉफी के फाइनल में स्टार गेंदबाज यश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी करते हुए मुंबई टीम की बैंड बजाई। यश ने पहली पारी में 3 विकेट झटके और दूसरी पारी में खबर लिख जाने तक उन्होंने एक विकेट लिए।

विदर्भ टीम के तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने अभी तक कुल 4 विकेट ले लिए है। उन्होंने ओपनर भूपेन ललवानी, तुष कोटियान और शम्स मुलानी का पहली पारी के दौरान शिकार किया।

इसके बाद उन्होंने दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ को अपने जाल में फंसाया। दूसरी पारी में 7वें ओवर की दूसरी गेंद पर यश ने पृथ्वी को बोल्ड किया। ये गेंद इतनी कमाल की थी कि शॉ को खुद यकीन नहीं हुआ कि वह बोल्ड हुए हैं।

**Dhoni की तरह बनना चाहते हैं Yash Thakur**

यश ने द स्पोर्टस्टार को बताया था कि कैंप के लिए चुने जाने के बाद, वीसीए अकादमी में जब उनका पहला दिन था तो वह उमेश यादव से मिले।

यश ने कहा कि मैं उनसे बहुत प्रभावित था और उनके नक्शेकदम पर चलते हुए भारत के लिए खेलना चाहता था, लेकिन पहला बड़ा सपना उनकी तरह गेंदबाजी करना और सिर्फ एक बार उनके साथ मिलकर गेंदबाजी करना था। इसके अलावा यश ने अपने कोच हिंगणीकर और अपनी बातचीत का एक किस्सा बताया। एक बार यश नेट्स में गेंदबाजी कर रहे थे और उनके कोच ने उन्हें देखा और उन्हें कहा कि वह कभी विकेटकीपिंग ग्लव्स ना पहनें। उन्होंने तुरंत कोच को जवाब देते हुए कहा कि वह एमएस धोनी जैसा बनना चाहते हैं।

# श्रीलंका और बांग्लादेश के अलावा कई देश चाहते हैं स्थानीय मुद्रा से हो लेन-देन: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** भारतीय करेंसी धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। इसको लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ रुपये में व्यापार शुरू करने के इच्छुक हैं।

अगर भारतीय करेंसी में व्यापार शुरू होता है तो यह लेनदेन में लगने वाली लागत में कटौती को कम करने में मदद करता है। पीयुष गोयल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए बहुत गेम-चेंजिंग आयाम होने जा रहा है। दरअसल, घरेलू मुद्रा में व्यापार करना काफी फायदेमंद होता है।

**पीयूष गोयल कहते हैं कि**

बांग्लादेश, श्रीलंका पहले से ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम तुरंत रुपये में कारोबार शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के अन्य देश इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि लोगों को लाभ देखने में कुछ समय लगेगा। अधिक से अधिक विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी इसमें शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले से ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। वह आगे कहते हैं कि कई देश इस व्यवस्था के लिए आगे आए हैं और इसके लिए भारत से बात कर रहे हैं क्योंकि वे भी अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाह रहे हैं। गोयल ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि %धीरे-धीरे यह समझ आ रही है कि सभी लेन-देन को तीसरी मुद्रा में बदलने के बजाय, दोनों तरीकों से लेन-देन की लागत में काफी वृद्धि होती है।

बता दें कि जब कोई लेन-देन तीसकी मुद्रा के साथ होता है तब उसमें लेन-देन की लागत लगती है। वहीं अगर यह लेन-देन स्थानीय मुद्रा में होती है तो लेन-देन लागत नहीं लगती है।

**पीयूष गोयल ने बताया कि**

स्थानीय मुद्रा से लेन-देन संयुक्त अरब अमीरात से शुरु हुआ। संयुक्त अरब अमीरात पहला देश है जिसने भारतीय करेंसी से लेन-देन को स्वीकार किया है। अब यह जोर पकड़ रहा है।

गोयल ने कहा, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें समय लगता है।

इसमें ढांचा तैयार करने के लिए दोनों देशों के केंद्रीय बैंकरों को शामिल किया जाता है और फिर इसे आयातकों और निर्यातकों द्वारा स्वीकृति दी जाती है।

यह जुड़ाव इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि भारतीय रुपया ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले स्थिर है और विशेषज्ञों के मुताबिक, यही एक कारण है कि आज विभिन्न देश रुपये के व्यापार पर आधारित व्यापार संबंध बनाना चाहते हैं।

रुपये के व्यापार से उन कई देशों को भी मदद मिल रही है, जिनके पास डॉलर की कमी है।

**इन देशों में होती है रुपये से लेनदेन**

भारत ने नेपाल और भूटान समेत पड़ोसी देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू कर दिया है। रूस के साथ राष्ट्रीय मुद्रा में व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए रुपया व्यापार तंत्र शुरू किया गया है, जबकि श्रीलंका ने रुपये को अपनी नामित विदेशी मुद्राओं की सूची में शामिल किया है।

# सरकार ने बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने तारीख

**यूआईडीएआई ने एक्स पर पोस्ट करके जानकारी दी है कि आधार कार्ड फ्री अपडेट की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले इसकी तारीख 14 मार्च 2024 थी जिसे अब बढ़ाकर 14 जून 2024 कर दी गई है। बता दें कि अगर कोई यूजर आधार केंद्र जाकर कार्ड को एपेडट करता है तो उसे चार्ज देना होगा। पढ़ें पूरी खबर**

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख आगे बढ़ा दिया है। पहले इसकी समयसीमा 14 मार्च 2024 थी जिसे अब बढ़ा कर 14 जून 2024 कर दी गई है। इसका मतलब है कि अब आधार कार्ड होल्डर्स ऑनलाइन 14 जून तक अपने आधार कार्ड को अपडेट कर सकते हैं। आज यूआईडीएआई ने एक्स पर पोस्ट करके जानकारी दी है कि फ्री में आधार कार्ड अपडेशन की तारीख को 14 मार्च से बढ़ाकर 14 जून कर दिया है।

**ऑनलाइन क्या-क्या कर सकते हैं अपडेट**

कई आधार यूजर्स ने 10 साल से अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं किया है। ऐसे में यूआईडीएआई ने सभी यूजर को फ्री में आधार अपडेट करने की सुविधा दी है।

SAVE WATER
SAVE LIFE

# कप्तान के रूप में उठाया पहला कदम, वीडियो देख हो जाएगा दिल खुश!



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 की शुरुआत में 11 दिन का समय बाकी रहता है। 22 मार्च 2024 से आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत होने जा रही है। पहला मुकाबला गत विजेता चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होना है। इस सीजन के लिए मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंपी हैं। हार्दिक ने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस को डेब्यू सीजन में खिताब जिताया और पिछले साल भी उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस फाइनल तक पहुंची थी। अब हार्दिक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। इससे पहले उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उनका मुंबई टीम से जुड़ते ही भव्य स्वागत किया गया।

**Hardik Pandya ने Mumbai Indians से जुड़ते ही सबसे पहले लिया भगवान का आशीर्वाद**

दरअसल, मुंबई इंडियंस ने अपने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें हार्दिक पांड्या मुंबई टीम से जुड़ते ही ड्रेसिंग रूम में सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करत हुए नजर आ रहे हैं।

इस दौरान कोच मार्क बाउचर उनके साथ दिखे। हार्दिक ने सबसे पहले ड्रेसिंग रूप में भगवान की तस्वीर पर माला चढ़ाई और फिर पूजा की। वहीं, मार्क बाउचर ने मारियर फोड़ने का काम किया। हार्दिक ने उसके बाद भगवान को लड्डू का भोग लगाया। मुंबई इंडियंस से जुड़ते ही हार्दिक और कोच ने यह अच्छे लक और नई शुरुआत के लिए किया। कप्तान हार्दिक और कोच ने एक दूसरे को गले लगाया और यह वीडियो तेजी से अब वायरल हो रहा है। मुंबई फ्रेंचाइजी ने कैप्शन में लिखा, आए शुरू करते है।

**गुजरात टाइटंस से पुरानी फ्रेंचाइजी में हुई पांड्या की वापसी**

साल 2022 से पहले हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस से जुड़े थे। उन्होंने इसके बाद आईपीएल 2022 से नई फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस की कप्तानी की। दोनों बार टीम को हार्दिक ने फाइनल तक पहुंचाया। 2022 में गुजरात की टीम ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब जीता था। इसके बाद 2023 में सीएसके के खिलाफ गुजरात को हार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को ट्रेड किया। रोहित शर्मा से कप्तानी छीनने के बाद हार्दिक को कप्तान बनाया गया।

# होली से पहले जरूर करें ये उपाय, मिलेगा कई समस्याओं से छुटकारा




**नई दिल्ली।** होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से शुरू होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक रहते हैं। धार्मिक दृष्टि से इन आठ दिनों को अशुभ माना जाता है। इस दौरान मांगलिक कार्य जैसे शादी, विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि कार्य करना शुभ नहीं माना जाता। ऐसे में यदि आप होली से पहले के समय में कुछ खास उपाय करते हैं, तो आपको कई तरह के लाभ मिल सकते हैं।

**होलाष्टक प्रारंभ**

फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 16 मार्च को रात 9 बजकर 39 मिनट पर हो रहा है। वहीं, इस तिथि का समापन 17 मार्च को सुबह 9 बजकर 53 मिनट पर होगा। ऐसे में होलाष्टक 17 मार्च से लगने जा रहे हैं, जो 24 मार्च तक रहने वाले हैं। इसके बाद 25 मार्च, सोमवार के दिन होली मनाई जाएगी।

**करें ये काम**

होलाष्टक के दौरान श्री हरि की पूजा-अर्चना करने से विशेष लाभ मिल सकते हैं। पूजा के दौरान भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप भी जरूर करें। ऐसा करने से आपके और आपके परिवार के ऊपर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है।

**होगा धन लाभ**

होलाष्टक के दिनों में घर में पीली सरसों, हल्दी गांठ, गुड़ व कनेर के फूल से हवन करना चाहिए। इसके बाद श्री सूक्त या फिर मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ भी जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्ति होती है और साधक को धन की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**दूर होंगी समस्याएं**

होलाष्टक के दौरान भगवान नृसिंह की पूजा-अर्चना करना श्रेष्ठ माना जाता है। ऐसे में होलाष्टक में हर रोज विधि-विधान के साथ नृसिंह भगवान की पूजा करें ऐसा करने से जीवन की समस्याओं दूर हो सकती हैं। वहीं भगवान कृष्ण की पूजा के दौरान रंग गुलाल चढ़ाने से जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है।

# 15 मार्च के बाद बंद हो जाएंगी पेटीएम की ये सर्विस, चेक करें पूरी लिस्ट

**31 जनवरी 2024 को RBI ने Paytm Payments Bank पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। आरबीआई ने सभी ग्राहकों को सलाह दिया है कि वह 15 मार्च से पहले पेटीएम पेमेंट्स बैंक में मौजूद राशि को दूसरे बैंक अकाउंट में कर लें। चलिए जानते हैं कि 15 मार्च के बाद पेटीएम कि कौन-सी सर्विस बंद हो जाएगी ऐर कौन-सी चालू रहगी।**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। 31 जनवरी 2024 को आरबीआई ने यह निर्देश लिया था। पहले बैंक ने इसकी समयसीमा 29 फरवरी की थी जिसे अब बढ़ा कर 15 मार्च कर दिया गया है। आरबीआई के निर्देश के अनुसार पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 15 मार्च 2024 के बाद कोई भी ट्रांजेक्शन एक्सेप्ट नहीं होगी। ऐसे में बैंक ने ग्राहकों को सलाह दिया है कि वो पेटीएम पेमेंट्स बैंक में मौजूद राशि को किसी दूसरे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दें। पेटीएम पेमेंट्स के बैन हो जाने के बाद कई लोग कंफ्यूज हैं कि कौन-सी सर्विस का लाभ मिलता रहेगा और कौन-सी सर्विस बंद हो जाएगी। दरअसल, पेटीएम पर कई फाइनेंशियल सर्विस मौजूद है। चलिए, हम आपको बताते हैं कि 15 मार्च 2024 के बाद पेटीएम ऐप पर कौन-सी सर्विस बंद हो जाएगी।

**ये सर्विस बंद हो जाएगी**

15 मार्च के बाद यूजर पेटीएम पेमेंट्स बैंक से अकाउंट, फास्टैग (Fastag) या फिर वॉलेट को टॉप-अप नहीं करवा पाएंगे। यह सर्विस 15 मार्च के बाद बंद हो जाएगी। 15 मार्च के बाद यूजर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर किसी भी प्रकार की कोई पेमेंट हासिल नहीं कर पाएंगे।

यूजर को सैलरी या फिर कोई और मनी बेनिफिट पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर मिल रही है तो उन्हें यह लाभ 15 मार्च के बाद नहीं मिलेगा। 15 मार्च के बाद पेटीएम फास्टैग (Paytm Fastag) में मौजूद बैलेंस को दूसरे फास्टैग में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है। यूपीआई (UPI) या आईएमपीएस (IMPS) के जरिये पेटीएम पेमेंट्स बैंक अकाउंट में कोई भी पैसे ट्रांसफर नहीं होंगे।

**ये सर्विस नहीं होगी बंद**

15 मार्च 2024 के बाद पेटीएम की कई सर्विस बंद हो जाएगी पर यूजर कुछ सर्विस का लाभ 15 मार्च के बाद भी उठा पाएंगे। हालांकि, इन सर्विस का लाभ उठाने के लिए यूजर को पेटीएम पर दूसरे बैंक अकाउंट को लिंक करना होगा। चलिए, जानते हैं कि पेटीएम पर 15 मार्च के बाद भी कौन-सी सर्विस का लाभ यूजर उठा सकते हैं।

15 मार्च के बाद यूजर पेटीएम वॉलेट (Paytm Wallet) से आसानी से पैसे निकाल या डिपॉजिट कर सकते हैं।

पेटीएम से पेमेंट करने के बाद यूजर्स को कैशबैक, रिफंड या फिर रिवॉर्ड जैसे बाकी सभी लाभ मिलते रहेंगे।

15 मार्च के बाद भी अगर पेटीएम पेमेंट्स बैंक में राशि मौजूद है तो यूजर उस राशि का इस्तेमाल कर सकते हैं।

पेटीएम वॉलेट के जरिये मर्चेंट को आसानी से पेमेंट किया जा सकता है।

पेटीएम यूजर के पास वॉलेट को बंद करने या फिर दूसरे अकाउंट में अमाउंट को ट्रांसफर करने का ऑप्शन मौजूद है। यूजर यूपीआई और आईएमपीएस के जरिये आसानी से ऑनलाइन पेमेंट कर सकता है।

15 मार्च के बाद भी यूजर ओटीटी प्लेटफॉर्म (OTT Platform) को सब्सक्राइब करने के लिए पेटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं। हां, इसके लिए यूजर के पेटीएम वॉलेट या फिर बैंक अकाउंट लिंक होना चाहिए।

# सीरीज जीतने के बाद दिल खोलकर की इस स्टार की तारीफ, मुश्किल समय में टीम के आया था बेहम काम



**इंग्लैंड (IND vs ENG) के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के कुलदीप यादव ने चार मैच खेले जिसमें उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बैजबॉल की जमकर बैंड बजाई। कुलदीप ने चार टेस्ट में कुल 19 विकेट हासिल किए। इस दौरान चाइनामैन ने फाइव विकेट हॉल भी लिया था। इस टेस्ट सीरीज के बाद अब कप्तान रोहित ने उनकी दिल खोलकर तारीफ की।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट में रौंदकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम की टेस्ट सीरीज में शानदार जीत के हीरो कई खिलाड़ी रहे, लेकिन मैच के बाद बातचीत करते हुए कप्तान रोहित ने कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। कुलदीप ने इस सीरीज में गेंदबाजी में तो कमाल का प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने बैट से जिस तरह से गिल के साथ मिलकर अहम समय में साझेदारी निभाई, उसने कप्तान रोहित का दिल जीत लिया।

**Rohit Sharma ने Kuldeep Yadav की तारीफ में जमकर पढ़ें कसीदे**

दरअसल, जियो सिनेमा को दिए एक इंटरव्यू में रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उसकी बल्लेबाजी के बारे में काफी आलोचनात्मक रहा हूं। वह वापस गए, अपने कोचों के साथ काम किया, इधर भी काम किया। मैं उसे हर बार गेंदबाजी करते हुए, वहां एक स्टंप लगाते हुए ही देखता हूं। फिर, जाहिर है, मैं उनकी बल्लेबाजी के बारे में बहुत आलोचनात्मक रहा हूं। मैं ही था जो उसे अच्छी बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित कर रहा था। जाओ और जो कुछ भी वह कर सकता है उस पर काम करो, क्योंकि जब आप 8 या 9 नंबर पर बैटिंग करते है तो स्कोर निश्चित रूप से बढ़ जाता है। हम जानते हैं कि जब आप आखिरी छोर पर रन जोड़ते हैं तो वह कितना अहम होता है। मैं उसकी बल्लेबाजी से बेहद खुश हूं।

बता दें कि इंग्लैंड (IND vs ENG) के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के कुलदीप यादव ने चार मैच खेले, जिसमें उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बैजबॉल की जमकर बैंड बजाई। कुलदीप ने चार टेस्ट में कुल 19 विकेट हासिल किए। इस दौरान चाइनामैन ने फाइव विकेट हॉल भी लिया। कई अहम मौकों पर उन्होंने बैटिंग में भी टीम की मदद की। बैटिंग करते हुए उन्होंने कुल 97 रन बनाए ।

# Rent Agreement क्यों है जरूरी मकान मालिक और किरायेदार को किन बातों का रखना चाहिए ध्यान

**मकान मालिक के साथ किराएदार के लिए भी Rent Agreement बहुत जरूरी होता है। रेंट एग्रीमेंट मकान मालिक और किराएदार के बीच बनाए जाने वाला एक डॉक्यूमेंट है। अगर आप भी अपना मकान किराए पर देने वाले है या आप किराएदार है तो ये खबर आपके लिए जरूरी है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि रेंट एग्रीमेंट बनवाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।**




**नई दिल्ली।** जब भी कोई मकान मालिक अपना घर या कमरा किराए पर देते हैं तो उन्हें रेंट एग्रीमेंट जरूर बनवाना चाहिए। रेंट एग्रीमेंट मकान मालिक और किराएदार के बीच एक समझौता होता है। यह एक तरह का समझौता होता है जिसमें दोनों पार्टी के लिए रूल्स मेंशन होते हैं। इन नियमों को दोनों पार्टी फॉलो करते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि रेंट एग्रीमेंट बनवाते समय दोनों पार्टियों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**रेंट एग्रीमेंट क्या है**

रेंट एग्रीमेंट एक तरह का एग्रीमेंट है जिसे मकान मालिक और किराएदार दोनों को फॉलो करना होता है। इस समझौते में मकान पर किराए देने के लिए शर्तें होती है। रेंट एग्रीमेंट में मंथली रेंट, सिक्योरिटी डिपॉजिट के अलावा एग्रीमेंट का टेन्योर और भी कई शर्तें होती है। कई किराएदार रेंट एग्रीमेंट को झंझट भरा समझते हैं तो बता दें कि अगर रेंट एग्रीमेंट नहीं होता है तो मकान मालिक अचानक घर का किराया बढ़ा सकता है या फिर मकान खाली करने के लिए भी कह सकता है। वहीं रेंट एग्रीमेंट में वह इस तरह की मनमानी नहीं कर सकता है।

इन सब के अलावा रेंट एग्रीमेंट ना होने पर आपको हाउस रेंट अलाउंस का लाभ भी नहीं मिलता है। जी हां, अगर आप एचआरए ( ।ढ्ढ) के लिए क्लेम करने जाते हैं तब आपको रेंट एग्रीमेंट की जरूरत होती है।

**रेंट एग्रीमेंट में क्या होना चाहिए**

रेंट एग्रीमेंट में किराया चुकाने की तय तारीख होनी चाहिए। अगर किराया देर से चुकाते हैं तो कितनी पेनल्टी लगेगी इसकी भी जानकारी एग्रीमेंट में होनी चाहिए। रेंट एग्रीमेंट में यह मेंशन होना चाहिए कि मकान का किराया कब और कितना बढ़ाया जाएगा। मकान को सही रखने के लिए कितना मेंटेनेंस चार्ज होगा और पानी बिजली के बिल का भुगतान कौन करेगा यह सब जानकारी रेंट एग्रीमेंट में होनी चाहिए। एग्रीमेंट कब टर्मिनेट होगा इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। अगर किराएदार या फिर मकान मालिक को रेंट एग्रीमेंट कि किसी शर्त पर आपत्ति होती है तो वह उसे समय से पहले सही करवा सकता है। इसके अलावा दोनों पार्टी को रेंट एग्रीमेंट पर साइन करने से पहले एक बार अच्छे से पढ़ लेना चाहिए।

**किन बातों का ध्यान रखना चाहिए**

कई बार मकान मालिक को चिंता रहती है कि कहीं किराएदार मकान पर कब्जा ना कर लें। इसलिए रेंट एग्रीमेंट का रजिस्टर्ड होना बहुत जरूरी है। बिना रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। अगर एग्रीमेंट रजिस्टर्ड नहीं होता है तो किराएदार मकान को खाली करने से इंकार भी कर सकता है। इसी तरह किराएदार को एग्रीमेंट में कोई बात जोड़नी है तो वह मकान मालिक से बातचीत करके एग्रीमेंट में वह बात जोड़ सकता है।

# Kisan Rin Portal क्या है , कैसे मिलता है किसानों को लाभ



**भारत सरकार किसानों को आर्थिक लाभ देने के लिए कई अहम कदम उठाती है। पिछले साल सरकार ने किसान ऋण पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर किसानों का डाटा उपलब्ध होता है। यह पोर्टल से किसानों को आसानी से लोन मिलने में मदद होती।**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार किसानों को लोन मिलने में आसानी हो इसके लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसके लिए सरकार ने किसान क्रेडिट स्कीम भी शुरू की है। इसके अलावा पिछले साल वित्त मंत्रालय ने किसान ऋण पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल पर किसान के डाटा उपलब्ध होते हैं।

**क्या है किसान ऋण पोर्टल**

किसान ऋण पोर्टल पर किसान अपने आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। दरअसल, इस पोर्टल पर किसानों का डाटा मौजूद होता है। अगर कोई किसान अभी तक इस पोर्टल पर रजिस्टर नहीं है तो वो आसानी से आधार कार्ड की मदद से रजिस्टर हो सकतें है। जिन किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के जरिये लोन लिया है उनकी जानकारी इस पोर्टल पर आसानी से मिल जाएगी। देश में कई किसान किसान क्रेडिट कार्ड के जरिये लोन लेकर खेती करते हैं। पहले केसीसी लाभार्थी का सत्यापन मैन्युअल होता था पर अब किसान ऋण पोर्टल के माध्यम से किसानों के लोन की मॉनिटरिंग करना काफी आसान हो गया है। कई बैंकों की शिकायत रहती है कि किसान समय से लोन का भुगतान नहीं करते हैं। ऐसे में इस परेशानी को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा यह अहम कदम उठाया गया है।

**किसानों को कैसे मिलेगी मदद**

किसान ऋण पोर्टल पर किसानों की सभी जानकारी मौजूद होती है। ऐसे में किसान आसानी से केसीसी के जरिये एग्री लोन ले सकते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि किसान साहूकारों से लोन लेने की जगह केसीसी के जरिये सब्सिडी के साथ लोन लें। इस पोर्टल पर पीएम किसान योजना के लाभार्थी की जानकारी मौजूद होगी। बता दें कि पीएम किसान के लाभार्थी भी आसानी से किसान क्रेडिट कार्ड के जरिये लोन ले सकते हैं। अगर कोई किसान लोन लेता है और समय से पहले उसे चुका देता है तो सरकार उन्हें अतिरिक्त लाभ भी देती है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को सस्ते दर पर आसानी से लोन मिल जाता है।

# Walking: रोजाना चलेंगे 10 हजार कदम तो कम हो सकता है दिल की बीमारियों का खतरा!




**वॉक करना हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद हो सकता है इसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। हाल ही में आई एक स्टडी में यह पाया गया है कि वॉक करने से दिल की बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है। इतना ही नहीं रोज वॉक करने से और भी कई फायदे मिल सकते हैं। जानें कितनी देर वॉक करने से दिल को हेल्दी रखा जा सकता है।**

**नई दिल्ली।** Walking: हाल ही में एक स्टडी सामने आई है, जिसमें पता चला है कि वॉक करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम किया जा सकता है। इसके साथ ही, इस स्टडी में यह भी पाया गया कि वॉक करने से सेडेंटरी लाइफस्टाइल जीने वाले लोगों में भी हार्ट डिजीज का खतरा कम किया जा सकता है।

**क्या है यह स्टडी?**

इस स्टडी के लिए यूके बायो बैंक से लगभग 72 हजार लोगों के मेडिकल डाटा का विश्लेषण किया गया, जिनकी औसतन आयु 61 साल थी। इस स्टडी में लगभग 58 प्रतिशत प्रतिभागी महिलाएं थीं।

इस स्टडी में इन प्रतिभागियों की मेडिकल कंडिशन के साथ-साथ उनकी लाइफस्टाइल को भी ध्यान में लिया गया। इस स्टडी का यह निष्कर्ष निकला कि रोज 9,000 से 10,000 स्टेप्स चलने से दिल की बीमारियां और उसकी वजह से होने वाली मौत का खतरा काफी हद तक कम होता है। यह उन लोगों पर भी लागू होता है, जो अपने दिन का ज्यादगातर समय बैठकर निकालते हैं, यानी सेडेंटरी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**CVD का रिस्क कम**

हालांकि, 4500 से 5,000 स्टेप्स से भी दिल की बीमारियों का खतरा कुछ हद तक कम होता है। इस स्टडी के शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि 10,000 स्टेप्स रोज चलने से दिल की बीमारियों का खतरा 21 प्रतिशत तक और इसके कारण होने वाली मौतों का खतरा 39 प्रतिशत तक कम होता है। वॉक करने के अलावा स्वीमिंग और साइकलिंग भी दिल का ख्याल रखने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। इससे पहले कई स्टडीज में यह बात सामने आई है कि सेडेंटरी लाइफस्टाइल की वजह से कई बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिसमें दिल की बीमारियां सबसे प्रमुख थीं। अब इस स्टडी का सामने आना, कॉर्पोरेट या दिन भर बैठकर काम करने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। रोज वॉक करने से केवल दिल की बीमारियों से बचाव ही नहीं बल्कि, और भी कई फायदे मिल सकते हैं। वॉक करते समय आपके पूरे शरीर की एक्सरसाइज होती है, जिससे कई परेशानियों को दूर करने में मदद मिलती है।

**वजन कम होता है**

रोज वॉक करने से कैलोरी बर्न होती हैं, जिस कारण से वजन कम करने में मदद मिलती है। दरअसल, जब हम कोई फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते, तो हमारी कैलोरी फैट को रूप में स्टोर होने लगती है, ताकि बॉडी बाद में उसका इस्तेमाल कर सके, लेकिन जब हम फिजिकल एक्टिविटी कम करते हैं, तब ये फैट हमारी बॉडी में स्टोर ही रहता है और वजन कम करने में मदद मिलती है। इस कारण मोटापे की समस्या हो सकती है। इसलिए हेल्दी वजन मेंटेन करने के लिए वॉक करना फायदेमंद साबित हो सकता है।

**घुटने के दर्द से राहत**

वॉक करने से आपके घुटनों की एक्सरसाइज होती है। इतना ही, वॉक करने से हिप्स और जांघों की मांसपेशियां भी मजबूत बनती हैं। इसलिए वॉक करने से पैरों के दर्द से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

मूड अच्छा रहता है

वॉक करना एक प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी होती है, जिसकी वजह से हमारा दिमाग डोपामाइन रिलीज करता है और आपको खुशी का एहसास होता है। इसलिए अगर कभी आपको लगे कि आपका मूड खराब है, तो वॉक करके देखें, इससे आपके मूड में काफी सुधार होगा।

**ब्लड शुगर कम करने में मददगार**

खाने के बाद 15 मिनट वॉक करने से आपका ब्लड शुगर लेवल बेहतर रहता है। इसका कारण यह हो सकता है कि खाने से रिलीज हुआ ग्लूकोज वॉक करते समय हमारी बॉडी एनर्जी रिलीज करने के लिए इस्तेमाल करती है। इस कारण ब्लड में ग्लूकोज लेवल नहीं बढ़ता और ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। डायबिटीज का खतरा कम करने में यह काफी मददगार साबित हो सकता है।

# गाजर और धनिए का जूस सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी है बेहद लाभदायक




**शरीर को हेल्दी रखने के साथ-साथ अगर आप स्किन को भी चमकदार बनाए रखना चाहते हैं तो रोजाना गाजर और धनिए का जूस पीना शुरू कर दें। इसका असर आपको कुछ ही हफ्तों में महसूस होने लगेगा। इस जूस को पीने से कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल होता है साथ ही बॉडी भी डिटॉक्स होती है। जान लें इसे बनाने का तरीका।**

**नई दिल्ली।** सेहत सबसे बड़ा धन है, ये बात हम जानते तो थे, लेकिन कोरोना के बाद से इसे मानने भी लगे हैं। सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए हम क्या नहीं करते। अच्छा खानपान, अच्छी लाइफस्टाइल, पर्याप्त नींद, स्ट्रेस कंट्रोल जैसी कई चीज़ें इसमें शामिल हैं।

इन सारी चीज़ों का असर सेहत के साथ हमारे चेहरे पर भी देखने को मिलता है। खानपान में फलों को खासतौर से शामिल करने को कहा जाता है। फलों को खाना तो फायदेमंद होता ही है, लेकिन साथ ही साथ इसका जूस पीने से भी कई तरह के लाभ मिलते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही जूस के बारे में बताएंगे, जिसके नियमित से सेवन से आप शरीर को रख सकते हैं कई सारी बीमारियों से दूर। ये है गाजर धनिया का जूस। जो कई तरह के एंटीऑक्सिडेंट से भरा होता है। जिसे पीने से शरीर के हर एक कोशिका को न्यूट्रिशन मिलता है। आइए जानते हैं इस जूस को बनाने की विधि साथ ही अन्य फायदों के बारे में भी।

**ऐसे बनाएं गाजर-धनिए का जूस**

सामग्री- गाजर- 2 कप, हरी धनिया कटी हुई-2 टेबलस्पून, नींबू का रस- 1/2 टीस्पून, नमक स्वादानुसार

**विधि**

- ब्लेंडर में गाजर और धनिए को पानी के साथ अच्छी तरह पीस लें।
- इसे आप छानकर या बिना छाने भी पी सकते हैं। बिना छाने पीना ज्यादा फायदेमंद होता है।
- ग्लास में निकालें और नींबू का रस मिलाकर पी लें। स्वाद के लिए इसमें नमक मिला सकते हैं, लेकिन ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, तो अवॉयड करें।

**गाजर- धनिया जूस के फायदे**

- इस जूस में फाइबर की अच्छी-खासी मात्रा होती है, जिससे पेट तो भरा रहता ही है कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है।
- गाजर और धनिए में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की सूजन को कम करने में मददगार होते हैं।
- इसमें मौजूद न्यूट्रिशन स्किन को हेल्दी व चमकदार बनाते हैं।
- बॉडी को डिटॉक्स करने में गाजर-धनिए का जूस बेहद फायदेमंद है।

# बढ़ती उम्र में भी बना रहेगा चेहरे का ग्लो, अगर देंगी इन बेसिक चीज़ों पर ध्यान




**नई दिल्ली।** हेल्दी और ग्लोइंग स्किन की चाहत सभी को होती है, लेकिन अगर आपको लगता है कि इसके लिए पॉर्लर के मंहगे ट्रीटमेंट्स की जरूरत होती है, तो आप गलत है। जरूरत है तो बस सही देखभाल की। स्किन केयर से जुड़े कुछ बहुत ही बेसिक टिप्स हैं, जिन्हें अगर आप नियमित रूप से फॉलो करें, तो बढ़ती उम्र में भी बना रहेगा चेहरे का ग्लो।1. हफ्ते में दो बार चेहरे की एक एक दिन बॉडी स्क्रबिंग जरूरी है। इसके लिए 2 बड़े चम्मच बादाम तेल, 1 बड़ा चम्मच जौ का आटा और छोटी मात्रा में शहद मिलाकर पेस्ट बनाएं और इससे बॉडी की स्क्रबिंग करें। 10-15 मिनट बाद शॉवर लें। शरीर पर जमी मैल दूर होती है और बॉडी शाइन करती है।

2. चेहरे की रोजाना क्लींजिंग सबसे जरूरी स्टेप है। सबसे पहले चेहरे को फेस वॉश से धोएं, फिर क्लेंजर का इस्तेमाल करें और उसके बाद अच्छे से मॉयश्चराइज कर लें।

3. रोजाना चेहरे की मसाज करने से डबल फायदे मिलते हैं। एक तो इससे चेहरे का निखार बढ़ता है और दूसरा रिंकल्स, डबल चिन की भी समस्या दूर होती है। मसाज के लिए आप बादाम, नारियल तेल किसी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

4. चेहरा को जवां और चमकदार बनाए रखने के लिए खुश रहना और खिल-खिलाकर हंसना भी जरूरी है। हंसने से चेहरे की मसल्स स्ट्रेच होती हैं। स्माइल से चेहरे की 42 मांसपेशियां एक्टिव होती हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में जरूरी होती हैं।

5. डाइट में प्रोबायोटिक्स की मात्रा बढ़ाएं। प्रोबायोटिक गुड बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं जिससे पाचन से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं। पेट साफ रहने से चेहरे पर भी रौनक बनी रहती है।

6. फलों को खासतौर से अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इसके साथ ही जूस भी पिएं। जूस में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो शरीर से टॉक्सिंस को दूर करते हैं।

7. स्किन को हेल्दी और जवां बनाए रखने के लिए डाइट में नमक और चीनी दोनों की मात्रा को आउट कर दें। इस एक सीक्रेट को अपनाकर आप 50 की उम्र में भी 30 की नजर आ सकती हैं।

8. एक जो सबसे जरूरी चीज है वो है नियमित रूप से व्यायाम करें। इससे ब्लड का सर्कुलेशन सुधरता है जिसका फायदा शरीर के साथ चेहरे और बालों को भी मिलता है।

# अभिषेक मल्हान के घर पर पड़ी थी NCB की रेड, इस एक गलती के कारण जेल जाने वाले थे फुकरा इंसान



**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 2 से लाइमलाइट में आए अभिषेक मल्हान की इस शो के बाद पॉपुलैरिटी काफी बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स की संख्या भी काफी बढ़ गई है। अक्सर खुशमिजाज रहने वाले अभिषेक को कभी जेल की हवा खाने की नौबत आ गई थी। यह सब कैसे हुआ था, इसका खुलासा खुद उन्होंने किया है।

अभिषेक मल्हान यूट्यूब पर कई तरह के वीडियो बनाते हैं। इसी के जरिये वह अपनी आमदनी भी करते हैं। आज इस बिजनेस में आगे निकल चुके अभिषेक कभी जेल की हवा खाने वाले थे। ये सब उनकी एक छोटी सी गलती के कारण हुआ था। क्या है वह किस्सा चलिये जानते हैं।

**जेल जाने की घटना का अभिषेक ने किया था खुलासा**

अभिषेक ने अपने भाई निश्चय मल्हान के साथ यूट्यूबर ठगेश को इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने जेल जाने वाला किस्सा सुनाया था। उनसे जेल जाने वाले किस्से के बारे में पूछा गया था। इस पर अभिषेक ने कहा, जाने वाले थे क्या, मत्था टेककर आया हूं।

**शार्क टैंक में जाते तो बड़ा ऑफर हो जाता**

अभिषेक ने बताया कि वह 21 की उम्र में एक बिजनेस कर रहे थे, मिस्टर बॉन्ड के नाम से। इस कंपनी से यूट्यूब से ज्यादा पैसा आता है। उसी में वो क्लीनिंग आइटम बनाते थे। अभिषेक ने बताया कि कोविड के टाइम उन्होंने दोस्तों के साथ मिलकर खूब सारा सैनिटाइजर बनाया था। फिर ट्रिगर्ड इंसान यानी कि निश्चय मल्हान ने बताया कि इसकी वैल्युएशन बहुत ज्यादा थी, शार्क टैंक में जाते, तो बड़ा ऑफर हो जाता।

# करीना से डरीं विद्या बालन? खिसकी दो और दो प्यार की रिलीज डेट, अब Janhvi Kapoor से होगी टक्कर



**Do Aur Do Pyaar में Vidya Balan और इलियाना डिक्रूज एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं। हाल ही में फिल्म की अनाउंसमेंट हुई थी और रिलीज डेट का भी एलान किया गया था। फिल्म मार्च में करीना कपूर खान की फिल्म से टकराने वाली थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। विद्या बालन स्टारर फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है।**

**नई दिल्ली।** Do Aur Do Pyaar New Release Date: साल 2024 बड़े-बड़े सितारों से सजी अपकमिंग फिल्मों से गुलजार रहेगा। आने वाले समय में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनमें से एक शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार भी है।

इसी साल जनवरी में दो और दो प्यार फिल्म की घोषणा हुई थी। एक मोशन पोस्टर शेयर किया गया था और कास्ट के साथ-साथ रिलीज डेट रिवील की गई थी।

फिल्म में विद्या बालन इलियाना डिक्रूज प्रतीक गांधी और सेंधिल राममुर्ति जैसे सितारे अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस रोमांटिक थ्रिलर को 29 मार्च 2024 को रिलीज किया जाना था।

**विद्या बालन स्टारर फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन**

एक तरफ ऑडियंस द लवर्स पर आधारित दो और दो प्यार का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, दूसरी ओर रिलीज के 18 दिन पहले ही डेट बदल दी गई। जी हां, अब फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में नहीं आएगी। फिल्म को अप्रैल में रिलीज किया जाएगा।

**इस दिन थिएटर्स में आएगा दो और दो प्यार**

11 मार्च 2024 को विद्या बालन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आगामी फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ अभिनेत्री ने नई रिलीज डेट का एलान किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, प्यार अप्रत्याशित हो सकता है, लेकिन यह पूरी तरह से नशीला होता है। मूवी 29 मार्च की जगह 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**जाह्नवी कपूर की फिल्म से टकराएगी दो और दो प्यार**

पहले विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म क्रू से टकराने वाली थी, क्योंकि यह भी 29 मार्च को रिलीज हो रही है। टीजर आने के बाद से ही इस फिल्म को लेकर क्रेज काफी बढ़ा है। ऐसे में %दो और दो प्यार% का क्रू से टकराना शायद उल्टा पड़ सकता था।

खैर, करीना कपूर की फिल्म न सही, लेकिन दो और दो प्यार का मुकाबला जाह्नवी कपूर की फिल्म से होगा। जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव स्टारर मिस्टर एंड मिसेज माही भी विद्या बालन की फिल्म के साथ 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं आशा भोसले की पोती, इस बड़ी फिल्म से बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

**बॉलीवुड में आशा भोसले का नाम बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर गाने दिए हैं। आशा भोसले के बाद अब उनकी पोती भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार है। लेकिन ये जलवा वह किसी गाने से नहीं बल्कि फिल्म में एक्टिंग करते हुए दिखाएंगी। आशा भोसले की पोती का बॉलीवुड में डेब्यू होने वाला है।**



**नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार किड्स हैं, जिन्होंने नामी परिवार से होते हुए भी अपनी पहचान खुद के दम पर बनाई। आलिया भट्ट से लेकर रणबीर कपूर तक, बी टाउन में पॉपुलर स्टार किड्स की कमी नहीं है। इस लिस्ट को ज्वाइन करने वाली हैं लेजेंड्री सिंगर आशा भोसले की पोती जनाई भोसले।

**बॉलीवुड में एंट्री लेंगी आशा भोसले की पोती**

17वीं शताब्दी के शासक रहे शिवाजी महाराज को लेकर पिछले कई समय से फिल्म बनने की बात सामने आई है। अब मेकर्स की ओर से फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर खुलासा किया गया है। संदीप सिंह के डायरेक्शन में बनने वाली द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में जनाई भोसले की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। जनाई फिल्म में शिवाजी महाराज की पत्नी रानी साई भोसले के रोल में नजर आएंगी। कास्टिंग पर उनकी तारीफ करने के साथ ही संदीप सिंह ने उनके उस टैलेंट के बारे में बताया, जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं। संदीप सिंह ने कहा कि जनाई को लॉन्च करने पर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। जनाई छत्रपति शिवाजी महाराज के परिवारिक वंश की वंशज हैं। इसी के साथ मशहूर सिंगर लता मंगेशकर के साथ भी उनका नाता है, जो इस बात को और खास बनाता है।

**आशा भोसले की तरह ही खूबसूरत सिंगर हैं उनकी पोती**

संदीप सिंह ने बताया कि उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की पत्नी का रोल दिया गया है। जनाई आशा भोसले की तरह ही बहुत अच्छी सिंगर हैं, खूबी जो उन्हें विरासत में मिली है। म्यूजिक से तो उनका लगाव है ही। साथ ही वह डांसर भी कमाल की रही हैं। इन खूबियों को देखते हुए उन्हें रानी साई भोसले के कैरेक्टर के लिए चुना गया, जिनका अपने राज्य को बढ़ावा देने में अहम योगदान रहा था।

**खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं जनाई**

जनाई भोसले बेशक एक पीरियड फिल्म से बॉलीवुड में एंट्री ले रही हैं। मगर खूबसूरती में वह किसी अन्य एक्ट्रेस से कम नहीं हैं। जनाई ने कई म्यूजिक एल्बम में आवाज दी है। उनके पॉपुलर सॉन्ग्स में तेरा ही एहसास है सहित कई गाने हैं।

# दूध के साथ इन 5 चीजों को खाने की आप भी तो नहीं कर रहे गलती?

**दूध प्रोटीन से लेकर कैल्शियम मैग्नीशियम विटामिन आयोडीन और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्वों का प्रमुख सोर्स होता है। ऐसे में इसे पीने से बेशक सेहत को कई फायदे पहुंचते हैं लेकिन क्या आपको मालूम है कि कुछ चीजों के साथ दूध को लेने से बचना चाहिए नहीं तो सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है?**

**नई दिल्ली।** दूध हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, ये किसी से छिपी बात नहीं है। सुबह नाश्ते से लेकर रात के डिनर के बाद तक, लोग इसे पीना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनका सेवन दूध के साथ करने की भूल सेहत के नुकसानदायक साबित हो सकती है। आइए आपको बताते हैं ऐसी ही 5 चीजों के बारे में, जिन्हें आपको दूध के साथ कभी नहीं खाना चाहिए।

**खट्टे फल**

दूध सेहत के लिए कितना भी फायदेमंद हो लेकिन इसका सेवन करते समय भी आपको कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए। खासतौर से जब बात खट्टे फलों की आती है, तो बता दें कि इनके साथ आपको दूध, भूलकर भी नहीं पीना चाहिए। खट्टे फलों में एसिड पाया जाता है, जो दूध में मिलने से पेट से जुड़ी कई दिक्कते पैदा कर सकता है, जैसे- पेट दर्द, उल्टी और दस्त।

**मछली**

मछली खाना कई लोगों को काफी पसंद होता है, लेकिन ध्यान रखें कि इसके साथ दूध बिल्कुल न पिएं। दूध और मछली के सेवन के बीच कम से कम दो घंटे का अंतर जरूर होना चाहिए। नहीं तो, आपको पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। इतना ही नहीं, कई मामलों में ये कॉम्बिनेशन फूड पॉइजनिंग का कारण भी बन जाता है।

**टमाटर**

दूध पीने से एक घंटा पहले या बाद में आपको टमाटर भी नहीं खाना चाहिए। बता दें, कि ये एसिडिक होता है, ऐसे में सेहत के लिए ये कॉम्बिनेशन बिल्कुल भी अच्छा साबित नहीं होता है।

**स्पाइसी फूड्स**

तला भुना और चटपटा खाने के शौकीन आप भी हैं, तो ध्यान रखें कि दूध के साथ ऐसा खाना बिल्कुल अच्छा नहीं है। यह आपको इनडाइजेशन की समस्या झेलने पर मजबूर कर सकता है। बता दें, ऐसा करने से एसिड रिफ्लक्स बढ़ जाते हैं, जो कि आपकी सेहत के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है।



**प्रोटीन रिच फूड्स**

दूध अपने आप में प्रोटीन का काफी शानदार सोर्स है। ऐसे में इसके साथ आपको प्रोटीन से भरपूर चीजें खाने से बचना चाहिए। जी हां, सुनने में ये बात भले ही आपको अटपटी लगे, लेकिन सच सही है कि ऐसा करने से डाइजेशन सिस्टम पर दबाव पड़ सकता है, जिससे डाइडेशन से जुड़ी दिक्कतें पैदा हो सकती हैं।

# Fibre: सिर्फ पाचन ही नहीं, दिल को भी दुरुस्त रखता है फाइबर, जानें इसके अन्य फायदे

**खाने में फाइबर को शामिल करने से सेहत से जुड़े कई फायदे हो सकते हैं। फाइबर सिर्फ पाचन को ही दुरुस्त नहीं रखता बल्कि अन्य बीमारियों के खतरे को कम करने में भी मददगार है। इसलिए हेल्दी रहने के लिए डाइट में फाइबर से भरपूर फूड्स जैसे- साबुत अनाज फल सब्जियां आदि को डाइट में शामिल करना बेहद जरूर है। जानें फाइबर क्यों आपकी सेहत के लिए जरूरी है।**



**नई दिल्ली।** Fibre Benefits: हेल्दी रहने के लिए डाइट में हर पोषक तत्व को शामिल करना बेहद आवश्यक होता है। अक्सर हम अपनी डाइट में या सप्लिमेंट्स के जरिए विटामिन और मिनरल की पूर्ति करने पर ध्यान देते हैं और फाइबर को भूल जाते हैं, लेकिन फाइबर भी हमारे शरीर के लिए उतना ही जरूरी है, जितने दूसरे पोषक तत्व हैं।

फाइबर दो प्रकार के होते हैं, सॉल्यूबल फाइबर और इनसॉल्यूबल फाइबर। सॉल्यूबल फाइबर पानी में घुलकर जेल जैसा बन जाता है।

यह ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है। इनसॉल्यूबल फाइबर पानी में नहीं घुलता है और कब्ज की समस्या नहीं होने देता। इसलिए डाइट में फाइबर का होना बेहद जरूरी है। फाइबर आमतौर पर साबुत अनाज, रेशेदार फल और सब्जियों आदि से मिलता है। आइए जानते हैं, फाइबर क्यों हमारे शरीर के लिए जरूरी होता है।

**फाइबर के फायदे-**

कब्ज से राहत- फाइबर स्टूल में बल्क ऐड करता है, जिससे स्टूल आसानी से इंटेस्टाइन से गुजर जाता है और कब्ज की समस्या नहीं होती है। कब्ज की समस्या की वजह से गट माइक्रोब में असंतुलन हो सकता है।

ब्लड शुगर कंट्रोल करता है- फाइबर खाने से ब्लड में ग्लूकोज का अब्जॉर्पशन धीमा हो जाता है, जिस कारण से ब्लड शुगर लेवल स्पाइक नहीं करता है। इससे टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम होता है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को डाइट में सॉल्यूबल फाइबर जरूर शामिल करना चाहिए।

कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है- फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जो दिल के लिए काफी फायदेमंद होता है। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा होने से आर्टरीज ब्लॉक होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सॉल्यूबल फाइबर को डाइट में शामिल करने दिल को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार-** फाइबर काफी लंबे समय तक आपको भूख नहीं लगने देता और क्रेविंग्स कम करने में भी मदद करता है। इस कारण आप ओवर ईट नहीं करते और वजन कम करने में मदद मिलती है।

**गट हेल्थ बेहतर रहता है-** फाइबर गट में होने वाली बीमारियां जैसे- कोलोन कैंसर, अल्सर आदि का खतरा कम करते हैं। डाइट में फाइबर की भरपूर मात्रा होने से हीमोरेज और एसिडिटी की समस्या भी नहीं होती है।

# Salman Khan ने ईद के लिए कसी कमर, द बुल के बाद अगले मास्टर स्ट्रोक के लिए तैयार, आगे बढ़ा इस फिल्म का काम



**नई दिल्ली।** टाइगर 3 के बाद सलमान खान कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर की अब ईद रिलीज को लेकर अपडेट आई है। सलमान खान की कोशिश रहती है कि वो फैंस को ईद पर ईदी देने थिएटर्स में जरूर आए। हालांकि, इस बार सलमान खान ने सिनेमाघरों से दूर रहना का मन बनाया है, लेकिन ईद 2025 के लिए उन्होंने अभी से कमर कस ली है।

सलमान खान पिछले काफी दिनों से अपनी फिल्म द बुल को लेकर खबरों में बने हुए हैं। वहीं, अब उनके एक और प्रोजेक्ट को लेकर अपडेट आई है, जिसका काम मेकर्स ने आगे बढ़ा दिया है।

**सलमान का अगला प्रोजेक्ट**

सलमान खान की सुपरहिट फिल्म किक का सीक्वल उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में शामिल है। इस फिल्म को लेकर अपडेट आती रही थी, लेकिन कुछ भी ठोस तौर पर नहीं कहा गया। अब %किक% 2 को लेकर खुश करने देने वाली जानकारी आई है।

**क्या है मास्टर स्ट्रोक ?**

किक का प्रोडक्शन और डायरेक्शन साजिद नाडियाडवाला ने किया था। हालांकि, सीक्वल को वो डायरेक्ट करने के मूड में नहीं थे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, किक 2 के लिए साजिद नाडियाडवाला ने एक नया डायरेक्टर ढूंढ लिया है। किक 2 की जिम्मेदारी साजिद नाडियाडवाला ने साउथ के एक बड़े निर्देशक को सौंपी हैं।

**साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर ने संभाली बागडोर**

किक 2 की बागडोर अब एआर मुरुगदास संभालेंगे, जो पहले गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके हैं। उन्होंने किक 2 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू कर दिया है। ये फिल्म मई 2024 में फ्लोर पर आएगी। वहीं, फिल्म को ईद 2025 पर रिलीज करने की प्लानिंग है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार करना होगा।

**सलमान की आने वाली फिल्में**

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके खाते में द बुल और किक 2 के अलावा प्रेम की शादी टाइगर वर्सेस पठान, बजरंगी भाईजान 2 और शेर खान समेत कई फिल्में हैं।

# उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत का विद्युत देयक ही दे-श्री जैन



**कलेक्टर ने की जनसुनवाई-87 लोगो की सुनी समस्याएं, कलेक्टर ने की जनसुनवाई-87 लोगो की सुनी समस्याएं**

**नीमच** । उपभोक्ताओं से अधिक राशि का विद्युत देयक वसूल नहीं किया जाए। वास्तविक खपत के अनुसार ही विद्युत देयक प्रदान कर भुगतान प्राप्त करें। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते हुए चल्दू निवासी राजेन्द्र सिह के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए म.प्र.प.क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को दिए। कलेक्टर ने राजेन्द्र सिह को अधिक राशि का विद्युत बिल देने पर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश भी संबंधित को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने कुल 87 आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री जैन ने नीमच तहसील के ग्राम धामनिया निवासी अमरनाथ, एवं समस्त कालबेलिया समाज की ओर से कालबेलिया समाज के शमशान के लिए भूमि आवंटन करने संबंधी आवेदन पर एसडीएम नीमच को परीक्षण कर, प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कनावटी की बगदीबाई, परलाई के जाकिर, लसुडियाआंत्री के गणेश, कुकडेश्वर के श्यामलाल, उपरेड़ा के नन्दकिशोर, चंगेरा के धनसिह राजपूत, भाटखेडी बुजुर्ग के कारूलाल, हनुमंतिया के देवीलाल, कुकडेश्वर के राधेश्याम, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच के विशाल, सरवानिया मसानी के नानालाल, आंत्रीबुज़ुर्ग के प्रभुलाल, परसराम, गजेन्द्र, गिरदौडा के सुनील जाटव, जुनासाथ मनासा की कौशल्याबाई, कुम्हारा गली नीमच के सलीम खान, उगरान के मोहनदास बैरागी, बघाना के परमेश्वर राठौर, छाछखेडी के प्रहलाद मीणा, जावद के इकबाल, छाछखेडी के कैलाशचंद्र, रूपारेल के भगत आदि ने भी जनसुनवाई में अपनी समस्याएं सुनाई।

# 10 वर्षो के मोदी सरकार के विकास ने हर क्षेत्र में इतिहास रचा -सुधीर गुप्ता



**मोदी ने 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण, सांसद ने गिनाई उपलब्धियां**

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से रेलवे की परियोजनाओं के एकीकृत उद्घाटन और शिलान्यास के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नीमच, मंदसौर व सुवासरा स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टॉल का शुभारंभ किया। इसी के साथ ही उन्होंने उज्जैन-चितौड़गढ़ नवीन ट्रेन परिचालन को भी हरी झंडी दी। मोदी ने इसी कार्यक्रम में 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण और शिलान्यास किया।
मंगलवार को संसदीय क्षेत्र के नीमच, मंदसौर व सुवासरा स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं स्थानीय कार्यक्रम मंदसौर रेलवे स्टेशन पर सांसद सुधीर गुप्ता के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में ऐतिहासिक उन्नति की है। मात्र 10 वर्षो में दोहरीकरण हो, विद्युतीकरण हो या अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प हो। यह देश के विकास के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। आज का यह दिन भी ऐतिहासिक है क्योंकि रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार प्रदान करने और हाशिए पर रहने वाले समाज के वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य देश भर के रेलवे स्टेशनों पर बिक्री आउटलेट के प्रावधान के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों आदि को आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करना है। और यही कारण है कि आज देश का हर युवा बुर्जुग और माता व बहनों का देश के प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास है। पूरा देश मोदी का परिवार है। आज हम विकास के क्षेत्र में विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहे है। इसी के साथ ही संसदीय क्षेत्रवासियों को उज्जैन के लिए प्रतिदिन एक नई ट्रेन की सुविधा मिलनी शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन का परिचालन शुरू किया। मंदसौर में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य राजदीप परवार, नीमच में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती चौपड़ा, जिला महामंत्री सुनील कटारिया, सुवासरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, नगर अध्यक्ष कवीता बालाराम परिहार, सांसद प्रतिनिधि धनश्याम धनोतिया सहित रेलवे के अधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जावद क्षेत्र की सरकारी शालाओं के विद्यार्थी जापनीज एवं जर्मन लेंग्वेज की पढ़ाई करेंगे-श्री सखलेचा



**विधायक श्री सखलेचा ने जावद क्षेत्र के शिक्षकगणों से किया संवाद**

**नीमच।** जावद क्षेत्र की सरकारी शालाओं के विद्यार्थियों को जापानी एवं जर्मन लेंग्वेज का 6 माह का ऑनलाईन कोर्स पढ़ाया जावेगा। यह लेंग्वेज सीखकर वे निर्धारित परीक्षा देंगे और सफल होने पर उन्हें स्नातक की पढ़ाई के लिए जापान, जर्मनी भेजा जाएगा। जहां वे अपनी पढ़ाई के साथ ही रोजगार प्राप्त कर, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

यह बात जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शनिवार को सीएम राईज स्कूल जावद में क्षेत्र के सभी शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों और शिक्षकगणों की कार्यशाला में संवाद करते हुए कही। इस मौके पर कलेक्टर दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एसडीएम जावद राजकुमार हदलर,, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्माव अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

विधायक श्री सखलेचा ने कहा कि विगत वर्ष जावद क्षेत्र की शासकीय शालाओं में जे.ई.ई . नीट परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की गई थी। इसके बेहतर परीणाम मिले है। क्षेत्र के 17 बच्चें जे.ई.ई. नीट की परीक्षा में सफल हुए है,जो कि प्रदेश में एक मिसाल है।

विधायक श्री सखलेचा ने कहा, कि विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना जावद क्षैत्र में साकार हो रही है। क्षेत्र के विद्यार्थी नवीनतम तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे है। लेपटॉप, डिजीटल बोर्ड, ऑनलाईन क्लासेस, ऑनलाईन कोचिंग क्लासेस, जापानी लेंग्वेज, ए.आई. व एनीमेशन की पढ़ाई के अच्छे परिणाम मिले है। सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी इन नये कोर्स के प्रति उत्साह दिखाया है। शिक्षकगणों ने भी मेहनत कर अच्छा परिणाम दिखाया है। श्री सखलेचा ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में ए.आई. एनीमेशन के साथ ही साफ्टवेयर बनाने, जापानी लेंग्वेज, जर्मन लेंग्वेज के अध्यापन की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जावेगी। उन्होने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र में पांच नये कोर्स प्रारंभ करने पर विचार किया जा रहा है। इन नये कोर्स की सफलता शिक्षकगणों की मेहनत एवं रूची पर ही निर्भर रहेगी। उन्होने शिक्षकों से भावी पीढ़ी के भविष्य को संवारने में सहयोग का आव्हान किया।

प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकगणों ने भी अपने रचनात्मक महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने केन, बेतवा लिंक परियोजना के तहत कलश यात्रा का शुभारंभ किया

**मुख्यमंत्री व्दारा एक हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण**




**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश में 11 से 13 मार्च 2024 तक आयोजित केन, बेतवालिंक परियोजना तथा पार्वती, काली सिंध, चंबल लिंक परियोजना के सम्भावित लाभाविंत गांव में कलश यात्रा का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागो के नवनियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों को सिंगल क्लिक के माध्यम से नियुक्ति पत्रों का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस मौके पर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को क्रमपूर्व पदोन्नति प्रदान की और बेच लगाकर पुलिस कर्मियों का सम्मान भी किया। इस कार्यक्रम का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण भी किया गया।

नीमच के एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने अन्य अधिकारियों के साथ उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना। इस मौके पर नीमच में नवनियुक्त पटवारीअभ्यर्थीयों को जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद व्दारा नियुक्त पत्र भी प्रदान किए गए।

इस मौके पर जल निगम के महाप्रबंधक जितेन्द्र सिह राणावत, एसएलआर सुश्री मोनिका जैन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दूधिया रोशनी से जगमगाते स्टेडियम में आज उद्घाटन होगा अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा का

**मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में नारी शक्ति द्वारा शुभारंभ किया जाएगा।**




**नीमच।** लक्ष्य फाउंडेशन नीमच द्वारा नीमच के राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में आज मंगलवार12 मार्च को दूधिया रोशनी में अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा का उद्घाटन सांय 6बजे मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आतिथ्य में नारीशक्ति के कर कमलो द्वारा किया जाएग।
उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,
नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, समाजसेवी श्रीमती सुचित्रा दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना कुंवर करण सिंह परमाल, , डिप्टी कलेक्टर किरण आंजना ,एसडीएम ममता खेड़े ,समाजसेवी रजिया अहमद, डॉ माधुरी चौरसिया आदि नारी शक्ति के आतिथ्य में उनके कर कमलों द्वारा अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा का उद्घाटन किया जाएगा। लक्ष्य फाउंडेशन के सदस्य आशीष अग्रवाल, सुमित पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा का प्रथम मैच सांय 6बजे हिमाचल इलेवन एवं इंदौर ऐकेडमी इंदौर के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच रात 8बजे नीमच कैंट नीमच एवं कासा ऐकेडमी बड़वानी के मध्य खेला जाएगा। आयोजन सचिव धर्मेंद्र साहू ने बताया कि 17 वर्ष बाद नीमच की लाल माटी पर होने वाले इस अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा में देश की जानी-मानी फुटबॉल टीम में एमआइजी बेंगलुरु सीआरपीएफ ,जालंधर शहर क्लब, कोलकाता, हिमाचल इलेवन, महाराज भोपाल, राजस्थान पुलिस जयपुर, ब्रह्मा देव रायपुर कासा ऐकैडमी बड़वानी, इंदौर ऐकैडमी इंदौर, नीमच कैंट तथा एंप्लॉयज यूनियन नीमच अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी।

# मुक बधिर बच्चे अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बना ले - नवीन छलोत्रे

**मूक बधिर संघ का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न।**



**नीमच।** 18 वां मूक बधिर संघ का एक दिवसीय नववर्ष मिलन टाउन हॉल अटल सभागृह पर प्रात 11= से 5 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बच्चों द्वारा इशारों इशारों में प्रतिभा दिखाकर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं मैं भाग लिया। नीमच, मंदसौर जावद ,मनासा, रतलाम, उज्जैन धार, इंदौर ,चित्तौड़ ,भीलवाड़ा प्रतापगढ़, अजमेर, जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, पाली आदि स्थानों से 100 से 150 सहित विभिन्न शहरों से मुक बधिर ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कुकडेश्वर नायाब तहसीलदार नवीन छलोत्रे, समाज सेवी संतोष चोपड़ा ने मुकबधिरो का उत्साह वर्धन कर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला पुरुषों को सम्मानित किया। कुकड़ेश्वर नायाब तहसीलदार नवीन छलोत्रे ने कहा कि जिस प्रतिभा में एक कमी होती है तो परमात्मा दूसरे अनेक गुण उनमें उत्पन्न कर देता है बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन मिलता रहे । मुक बधिर बच्चे अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बना ले सफलता अवश्य मिलेगी। मूक बधिर ने दिखाई प्रतिभा-ए टू जेड, बोतल में पेन, बाल्टी में बोल, पुरुषों को चूड़ी पहनना, माचिस की तीली से कलाकृति बनाना, आंख पर पट्टी बांधना, चेयर रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम ,द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस महेश परवानी ने मुक बधिर बच्चों को गिफ्ट प्रदान किये। राजेश राजेश अंदानी, अशोक एरन, मुकेश शर्मा ,चंद्रेश मित्तल, शिवराज सिंह, मूकबधिर विद्यालय शिक्षिका खुमान कुंवर,कमल गर्ग,राकेश खंडेलवाल ,प्रकाश सिंह आमिर खान ,तेजसिंह तंवर सहित आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन स्नेह भोज से किया गया।

# लखपति दीदी इनिशिएटिव लॉच कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मंदसौर।** म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मंदसौर द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से स्व - सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित किया एवं समूह के सदस्यों को लखपति बनाने के लिए लखपति दीदी इनिशिएटिव लॉंच किया गया। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना गया।
कार्यक्रम में समूहो को 73 लाख रू सामुदायिक निवेश निधि 1 करोड 10 लाख रू नगद साख सीमा (सीसीएल) वितरण किया गया साथ ही लखपति दीदीयों को सम्मान पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा जी, अनिल कुमार मरावी जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जनप्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे ।

# नवगत एसपी अंकित जायसवाल जी का कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने किया स्वागत



**नीमच।** पुलिस विभाग के निवाड़ी जिले के पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल जी को नीमच जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर पद स्थापना होने पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा ) की टीम के द्वारा एस.पी. कार्यालय पहुंच पुष्पमाला पहनाकर समिति की ओर से शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल जी ने पुलिस की जनता से संबंधित जानकारी एवं नगर सुरक्षा समिति के विषय पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया ! इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भाजपा) के जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड क्रमांक 08), राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. रईस पटवा (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), सह सचिव शफीक कुरैशी, संगठन मंत्री रोहित माली, अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री समरथ राठौर, सह-सचिव मनोहर केथवास, कोषाध्यक्ष महेश गंगवाल, इस्माइल खान, रमेश खोकरिया, समाजसेवी अंबालाल, हरिसिंह खराड़ी, ठाकुर सज्जन सिंह वाघेला व सभी टीम सदस्यगण उपस्थित रहे।

## महादेव महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से पशुपतिनाथ आराधना हॉल में महाशिवरात्रि पर महादेव महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विपीन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा उपस्थित थे। महादेव महोत्सव कार्यक्रम में श्री शंकर लाल धौलपुरे द्वारा लोकगायन, सुश्री प्राची घारे द्वारा शिव केंद्रित समूह नृत्य एवं श्री नमन तिवारी द्वारा भक्ति गायन की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी गई।

## कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने मनाई श्रीमंत माधवराव जी सिंधिया की जयंती


**नीमच** । श्रीमंत माधवराव जी सिंधिया की जन्म जयंती के अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भाजपा) के द्वारा धान मंडी पहुंच श्रीमंत माधवराव जी सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनकी जन्म जयंती मनाई गई श्रीमंत माधवराव जी सिंधिया सरल व सहज स्वभाव के समर्पित व्यक्ति थे । इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालंटियर भाजपा) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, राष्ट्रीय अध्यक्ष रईस पटवा (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद), महामंत्री समरथ राठौर, सह-सचिव शफीक कुरैशी, संगठन मंत्री रितेश माली, जिला सचिव मनोहर केथवास, अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष मोहन यादव, समाजसेवी चंद्रप्रकाश (मोमू) लालवानी, मुकेश शर्मा अंबालाल (समाजसेवी), सुखलाल, ठाकुर सज्जन सिंह वाघेला, चंपालाल यादव, भेरू प्रजापत, हीरालाल धाकड़, राजेश डामर, दिनेश डामर आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानोदय इंटरनेशनल में पुरस्कार समारोह सम्पन्न



**नीमच।** ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक पुरस्कार समारोह भव्य व रंगारंग रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। विभिन्न गतिविधियोंए जैसे चित्र प्रतियोगिताए ग्रीन.डे प्रतियोगिता, राखी मेकिंग प्रतियोगिता, हिंदी पॉएम प्रतियोगिता, दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता, हिंदी राइटिंग प्रतियोगिता, इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सोलो डांस प्रतियोगिता आदि प्रतिस्पर्धाओं में श्रेष्ठतम प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियो को भी विभिन्न स्पर्धाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था की निदेशिका श्रीमती डॉण्गरिमा चौरसिया एवं प्राचार्य श्री सरिष जोस ने विजेताओ को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएँ दी साथ ही कार्यक्रम की सफ्लता पर हर्ष व्यक्त किया।

## कैलाश विजयवर्गीय का करें भव्य स्वागत



**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन के नगरी प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय आज 12 मार्च मंगलवार को शाम 4:00 बजे टाउन हॉल नीमच नगर पर आगमन हो रहा है ।
उक्त जानकारी देते हुए डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत व दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया कि माननीय मंत्री यहां करोड़ों के भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे । अत: समस्त पार्टी पदाधिकारी वरिष्ठ जन, जनप्रतिनिधि, मातृ शक्ति व समस्त कार्यकर्ता से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर माननीय कैलाश विजयवर्गीय का भव्य स्वागत अभिनंदन वंदन करें ।

# ईपीएस 95 पेंशनरों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया गया

**नीमच।** ईपीएस 95 पेशनरों द्वारा सोमवार 11 मार्च 2024 को दोपहर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन जिलाधीश कार्यालय नीमच पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नाम से ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक राउत कमाण्डर के हस्ताक्षरयुक्त से नीमच जिला एनएसी के जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा डिप्टी कलेक्टर मेडम मयूरी जोक को प्रेषित किया गया।
राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस 95 जिला नीमच के संगठन में मुख्य रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं जिला कृषि एवं ग्रामीण विकास के सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मिलित हुए। इनकी प्रमुख मांगें न्यूनतम पेंशन 7500 रूपये एवं महंगाई भत्ता, पति-पत्नि का चिकित्सा व्यय की पूर्ति एवं सभी सेवानिवृत्तों को उच्च पेंशन की पात्रता सम्मिलित है। यह आंदोलन पिछले 8 वर्षो से अधिक समय से चल रहा है। इसके अंतर्गत सेवानिवृत्तों कर्मचारियों ने प्रदेश स्तर के आंदोलनों मे उज्जैन एवं भोपाल मे भी भाग लिया था। अखिल भारतीय स्तर के आंदोलन दिसम्बर में रामलीला ग्राउण्ड दिल्ली में एवं फरवरी में जंतर-मंतर नई दिल्ली में भाग लिया था। इसी क्रम में आज जिलाधीश कार्यालय नीमच में धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन प्रेषित किया गया। नीमच के इस आंदोलन मे जिला कृषि ग्रामीण विभाग बैंक के व विक्रम राणावत, रामनारायण नागदा, रामनिवास सोनी, रामकिशन पाटीदार, निर्मल जैन, बापू रतनसिंह चौहान, सत्यप्रकाश नागर, गोपाल शर्मा, श्रीमति अंजू बाफना, सत्यप्रकाश नागर, कन्हैयालाल मोनिया, भंवरलाल




सीमेन्ट के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंदसौर के नीमच जिले के सेवानिवृत्त कर्मचारी साथीगण संरक्षक घीसालाल सुराह, ओमप्रकाश खण्डेलवाल, अध्यक्ष ब्रजेन्द प्रसाद शर्मा, सचिव विश्वास जोशी, उपाध्यक्ष रामप्रसाद नागदा, कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा, सहसचिव इल्यिास कुरैशी, लक्ष्मीनारायण सोंलकी, बसंतसिंह सगर, मांगीलाल परिहार, रामगोपाल शर्मा, बनेसिंह चन्द्रावत, गोपीचन्द्र पंवार, हरिशचंद्रसिंह राठौर, भोपालसिंह राठोर, बी.के. पंडित, चांदमल सोनी, गोपाल शर्मा, संतोष ओझा, समरथ कांठेड़, सदाशिव गर्ग आदि सेवानिवृत्त कर्मचारीयों ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी इल्यिास कुरैशी द्वारा दी गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।